लॉटरी पद्धति से दुकान एवं चबूतरा का हुआ आबंटन, 25 लोगो मिला विभिन्न योजनाओं के तहत दुकान व चबूतरा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित दुकान व चबूतरा का आबंटन आज लॉटरी के माध्यम से किया गया। पात्र हितग्राहियों को आबंटन के तहत दुकान व चबूतरा मिला है। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत 50 दुकाने दीनदयाल पुरम खुर्सीपार, कुरूद, घासीदास नगर, जवाहर नगर, अर्जुन नगर, राधिका नगर, मदर टेरेसा नगर, संतोषी पारा, गौतम नगर के क्षेत्रों में रिक्त थी तथा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत 3 चबूतरा व महिला समृद्धि योजना के तहत 7 दुकाने रिक्त थी। जिसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। सभी के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 41 आवेदकों ने राशि जमा की थी। जिन आवेदकों ने राशि जमा की थी उन्हें आज लॉटरी में शामिल किया गया। लॉटरी में शामिल होने वाले 25 हितग्राहियों को दुकान तथा चबूतरा आबंटित किया गया। महापौर नीरज पाल तथा निगम रोहित व्यास ने योजनाओं के तहत रिक्त दुकान और चबूतरा को आबंटन करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत आज निगम के सभागार में नगरीय नियोजन व भवन अनुज्ञा विभाग के प्रभारी साकेत चंद्राकर , उपायुक्त नरेंद्र बंजारे, राजस्व अधिकारी श्रीनिवास पटेल , आवास व योजना के प्रभारी विद्याधर देवांगन आदि मौजूदगी में लॉटरी के माध्यम से दुकान तथा चबूतरा का आबंटन किया गया। दुकान और चबूतरा मिलने से हितग्राहियों के चेहरों पर मुस्कान नजर आई तथा निगम प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।